दिन– सोमवार दिनांक– 25 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. संसद के शीत सत्र की हंगामेदार शुरूआत। विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित रही।

02. बिहार विधान मंडल के शीत सत्र की शुरूआत। पहले दिन विधानसभा में नवनिर्वाचित तीन सदस्यों ने शपथ ली।

03. बिहार में एनडीए ने दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव के लिए दो सौ पच्चीस सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा। पन्द्रह जनवरी से घटक दलों का संयुक्त अभियान शुरू होगा।

04. और, प्रदेश में एक हजार छह सौ आठ पैक्स के प्रथम चरण के चुनाव के लिए मतदान कल।

————————————————————————

संसद के शीतकालीन सत्र की आज हंगामेदार शुरूआत हुई। एक विशेष बिजनेस समूह और अन्य मुद्दों पर विपक्ष के हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही बाधित रही। सत्र के पहले दिन आज दोनों सदनों में व्यवधान आया। हंगामें के बीच ही लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में हंगामें को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया। संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार से विपक्ष हताश है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का आचरण अनुचित है।

———बाईट———

दूसरी ओर, कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि एक खास समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोप महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। इस पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

————————————————————————

इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा प्रकट की है कि संसद का शीतकालीन सत्र लाभकारी रहेगा और इसमें रचनात्मक विचार विमर्श किया जायेगा। संसद सत्र से

पहले मीडिया को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह सत्र संविधान पारित होने के 75 वर्ष सहित कई कारणों से विशेष रहेगा।

———बाईट———

हमारे संविधान के 75 साल की यात्रा। 75वें साल में इसका प्रवेश, ये लोकतंत्र के लिए बहुत ही उज्ज्वल अवसर है और कल संविधान सदन में सब मिल करके संविधान के 75वें वर्ष की शुरुआत करेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि यह सत्र लोकतंत्र के लिए गरिमापूर्ण ऐतिहासिक अवसर होगा। विपक्ष की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता द्वारा अस्वीकृत चुनिन्दा लोग अव्यवस्था पैदा करके संसद पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद के समय का उपयोग भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा और सम्मान बढाने के लिए किया जाना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि विश्व मंच पर देश को आज जो दुर्लभ अवसर मिले हैं, हमें उनका लाभ उठाना चाहिए।

———बाईट———

भारत की संसद से वो संदेश भी जाना चाहिए कि भारत के मतदाता, उनका लोकतंत्र के प्रति समर्पण, उनका संविधान के प्रति समर्पण, उनका संसदीय कार्य पद्धति पर विश्वास संसद में बैठे हुए हम सबको जनता जनार्दन की इन भावनाओं पर खरा उतरना ही पड़ेगा।

———————————————————————————

हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, ओलंपिक एथलीटों और युवाओं सहित सभी प्रतिभागियों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी ली।

———बाईट———

पदयात्रा में युवाओं के बीच संवैधानिक मूल्यों की समझ को गहरा करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षिक प्रदर्शिनियां और संवाद सत्र भी आयोजित किए गए। पद यात्रा के बाद मीडिया से बातचीत में डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि युवाओं में दिख रहे उत्साह से पता चलता है कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित भारत बन जाएगा।युवाओं का उत्साह और अपने कॉन्स्टिट्यूशन के प्रति सम्मान को देखते हुए, मैं इतना अवश्य कहूंगा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर आगे बढ़ चला है। 2047 यानी कि जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाता हो, तब देश विकसित भारत होके रहेगा। इस पदयात्रा में पीयूष गोयल, धर्मेन्द्र प्रधान, गजेन्द्र सिंह शेखावत और किरेन रिजिजू सहित अन्य केन्द्रीय मंत्रियों, सांसदों और ओलम्पिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाडियों ने भाग लिया। सकलने अख्तर, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————————

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर आज केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, ओलंपिक एथलीटों और युवाओं सहित सभी विभिन्न प्रतिभागियों ने पद यात्रा निकाली। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में आयोजित हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पदयात्रा में भाग लिया। यह पदयात्रा भारतीय संविधान के संस्थापक सदस्यों के दृष्टिकोण का सम्मान करने के लिए आयोजित की गई थी।

———————————————————————

बिहार भाजपा कल धूमधाम से संविधान दिवस मनाएगी। इसके तहत प्रदेश कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय तक समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने बताया कि संविधान दिवस के मौके पर आयोजित समारोह में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के प्रति निष्ठा और सम्मान की भावना को दर्शाना और लोगों को इससे प्रेरित करना है। इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा बिहार के मंत्री जनक चमार शामिल होंगे।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान देशभर में कल से 26 नवंबर, 2025 तक चलेगा। 26 नवंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था और यह 26 जनवरी, 1950 को देश में लागू हुआ था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में कहा कि सदन के सेंट्रल हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी। श्री रिजिजू ने कहा कि यह केवल संसद का नहीं बल्कि पूरे देश का उत्सव है। संसदीय कार्य मंत्री ने लोगों से इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। यह समारोह 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा है।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सभी से संविधान के मूलभूत आदर्शों को अपनाने और इसे अधिक समावेशी बनाने के लिए काम करने पर जोर दिया है। श्री यादव ने आज विधानसभा के शीतसत्र के पहले दिन सदन को संबोधित करते हुए कहा कि देश का संविधान विविधता, एकता और लोकतांत्रिक आदर्शों का प्रतीक है। यह एक तरफ हमारे अधिकारों का रक्षा करता है तो दूसरी तरफ कर्तव्यों का भी बोध कराता है।

————————————————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुछ वर्गों के इन आरोपों का खंडन किया है कि संविधान खतरे में है, उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को संकीर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। मंगलवार को संविधान दिवस से पूर्व आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में श्री बिरला ने कहा कि संविधान देश के लोगों से संबंधित है और समाज के प्रत्येक वर्ग का इस पर भरोसा है।

———बाईट———

सभी समाज के व्यक्ति संविधान का सम्मान करते हैं। संविधान की मूल भावना विचार और विश्वास और भरोसा करते हैं। तो मेरा मानना है कि सबको इसको राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। ये संविधान सबका है। संविधान एक सौ 40 करोड़ जनता का है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर हमें संविधान सभा में हुई चर्चा और विचार विमर्श से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। आरक्षण के मुद्दे पर श्री बिरला ने कहा कि किसी भी सरकार ने आरक्षण कोटे को बदलने की कोई कोशिश नहीं की है।

———बाईट———

मेरा मानना है कि आज भी समाज में दलित, शोषित व्यक्तियों को उनकी समानता, उनके व्यापक अधिकार, आरक्षित करने का अभी समय है और इसलिए हर सरकारों ने यह प्रयास किया है कि संविधान के साथ आरक्षण को लेकर कभी कोई सरकार ने छेड़छाड़ नहीं की।

————————————————————————

बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआ।पहले दिन तीन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी गई। विधानसभा की कार्यवाही अध्यक्ष नंद किशोर यादव के भाषण के साथ शुरू हई। आज पहले दिन नवनिर्वाचित

तीन सदस्यों को विधानसभा अध्यक्ष ने शपथ दिलाई। ये विधायक हाल ही में संपन्न उपचुनाव में जीत हासिल की थी। सबसे पहले रामगढ़  विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के अशोक कुमार सिंह ने शपथ ली। इसके बाद हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा की दीपा कुमारी ने और जनता दल यूनाटेड की मनोरमा देवी ने शपथ ली। दीपा कुमारी इमामगंज और मनोरमा देवी ने बेलागंज निवार्चान क्षेत्र से जीत हासिल की है। चौथे विधायक भाजपा के विशाल प्रशांत कल शपथ ग्रहण करेंगे। वहीं, उप–मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस पच्चीस का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें विकास कार्यों के लिए लगभग बत्तीस हजार पांच सौ सात करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट में आयुष्मान भारत योजना के लिए केन्द्रीय अंश के रूप में दो सौ करोड़ रूपये खर्च करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा राज्य में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण के लिए आठ सौ इकसठ करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक बजट पेश करने के बाद सदन के पूर्व दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर विधानसभा अध्यक्ष ने कल तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। इधर, विधान परिषद की कार्यवाही दिन के बारह बजे सभापति अवधेश नारायण सिंह के संबोधन से शुरू हुई। सभापति ने इस सत्र में सफल संचालन के लिए सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की।

———————————————————————

प्रदेश में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार गम्भीर बनी हुई है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार राज्य का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां का एक्यूआई तीन सौ अस्सी दर्ज किया गया। वहीं, हाजीपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ उनचास, किशनगंज का तीन सौ तीस और बक्सर का तीन सौ उनतीस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का एक्यूआई दो सौ नब्बे रहा।

———————————————————————

प्रदेश में एक हजार छह सौ आठ पैक्स के प्रथम चरण के चुनाव के तहत कल वोट डाले जायेंगे। मतदान सुबह सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा। प्रथम चरण में एक करोड़ तेईस लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर

सकेंगे। राज्य निर्वाचन प्राधिकार की ओर से उन्नीस हजार आठ सौ पच्चीस मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इस चरण की मतगणना सत्ताईस नवम्बर को होगी।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। इसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठंड में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि उत्तरी बिहार के सुबह के समय घना कुहासा छाया रहने का पूर्वानुमान है। इससे दृश्यता में कमी आयेगी।

———बाईट———

इधर, रोहतास जिले का डेहरी आज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। जहां का न्यूनतम तापमान ग्यारह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के आदेश के बाद खगड़िया जिला परिषद के अध्यक्ष के पद पर कृष्णा कुमारी यादव को बहाल कर दिया गया है। इस संबंध में आज जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है। इससे पहले इस वर्ष जनवरी माह में कृष्णा कुमारी यादव को अदालत के आदेश के चलते पद से हटा दिया गया था।

———————————————————————

01. संसद के शीत सत्र की हंगामेदार शुरूआत। विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही बाधित रही।
02. बिहार विधान मंडल के शीत सत्र की शुरूआत। पहले दिन विधानसभा में नवनिर्वाचित तीन सदस्यों ने शपथ ली।
03. बिहार में एनडीए ने दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव के लिए दो सौ पच्चीस सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा। पन्द्रह जनवरी से घटक दलों का संयुक्त अभियान शुरू होगा।
04. और, प्रदेश में एक हजार छह सौ आठ पैक्स के प्रथम चरण के चुनाव के लिए मतदान कल।

———————————————————————

समाप्त